Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:14 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:59 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 84 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 18 सितम्बर 2026



शूटिंग के बीच बप्पा का आशीर्वाद...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सार्थक ने ऑल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट में जीता दोहरा खिताब

हल्द्वानी। कोलकाता में आयोजित योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट में उत्तराखंड के उभरते शटलर सार्थक जोशी ने सब जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 13 आयु वर्ग में बॉयज सिंगल्स और डबल्स का दौहरा खिताब अपने नाम किए। हल्द्वानी निवासी सार्थक जोशी ने कोलकत्ता में 11 से 16 सितंबर तक आयोजित बॉयज सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र के रुद्रा हरीश महर को 19-17,15-4,15-8 के अंतर से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने तमिलनाडु के अक्षत डिजू को 15-11,15-12 के अंतर से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में सार्थक ने अपने ही जोड़ीदार आंध्र प्रदेश के रेहान डुडेकुला को 15-12,15-13 से पराजित कर खिताब कब्जा जमाया।

### नेपाल में आपदा पर सीएम बोले- उत्तराखंड के लोग साथ

देहरादून। नेपाल में आई आपदा को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताते हुए कहा कि मुश्किल की इस घड़ी में उत्तराखंड समेत पूरा देश नेपाल के साथ खड़ा है और हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच गहरा संबंध है। नेपाल में आई आपदा बेहद दुखद है और इस मुश्किल समय ने दोनों देशों के बीच एकता की भावना को और मजबूत किया है। वहां से सामने आई घटनाओं और तस्वीरों ने सभी को भावुक किया है। इस कठिन समय में हर कोई नेपाल के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुरंत नेपाल के प्रधानमंत्री से बात की और राहत एवं बचाव दल भेजे। साथ ही नेपाल को हर संभव मदद का भरोसा दिया। उत्तराखंड की सीमा नेपाल से लगी होने के साथ ही यहां के कई लोगों के नेपाल में रिश्तेदार और सांस्कृतिक संबंध भी हैं। ऐसे में उत्तराखंड से भी एक टीम मदद के लिए भेजी गई है।

## बदरीनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालु प्राकृतिक सुंदरता को देख हुए रोमांचित

देहरादून | हमारे संवाददाता



उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम ने करवट ली है। बदरीनाथ धाम में कल बृहस्तपतिवार को हुई बारिश के बाद आज शुक्रवार सुबह मौसम साफ हुआ और चटख धूप खिली। धूप के बीच धाम की ऊंची पर्वत चोटियां बर्फ से ढकी नजर आईं। नीलकंठ, उर्वशी और माना पर्वत समेत आसपास की चोटियों पर बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है।

बर्फबारी के बाद बदरीनाथ धाम और आसपास के क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है। धाम में तापमान करीब दो डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से सुबह और शाम कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। हालांकि दिन में धूप निकलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। बर्फ से ढकी चोटियों पर पड़ रही धूप का नजारा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। बदरीनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालु प्राकृतिक सुंदरता को देखकर रोमांचित नजर आए। उत्तरकाशी के बड़कोट में भी मौसम खुशनुमा बना हुआ है। यहां मौसम अनुकूल रहने के साथ चटख धूप खिली है। जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। मां यमुना के जयकारों के बीच श्रद्धालु पैदल मार्ग पर आते-जाते नजर आ रहे हैं। यात्रा से जुड़े लोगों के चेहरे भी खिले हुए हैं। श्रद्धालु खुशनुमा मौसम के बीच पहाड़ की प्राकृतिक सुंदरता का नजदीक से आनंद ले रहे हैं। बृहस्पतिवार को मौसम खराब होने पर हेमकुंड साहिब और बदरीनाथ धाम के ऊंचाई वाले स्थानों पर जमकर बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब में बर्फबारी के बाद तापमान में गिरावट आने से कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है।

सीएम धामी ने अभियान दल को किया रवाना

## प्रदेश के सौ प्रमुख ट्रेकिंग रूट की जीपीएस-जीआईएस मैपिंग

देहरादून | हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में ट्रेकिंग को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए अब आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके तहत राज्य के 100 प्रमुख ट्रेक और हाइक रूट की जीपीएस/जीआईएस मैपिंग और तकनीकी सर्वेक्षण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से उत्तराखंड के 100 प्रमुख ट्रेक एवं हाइक रूट्स की जीपीएस/जीआईएस मैपिंग और तकनीकी सर्वेक्षण के लिए जाने वाले अभियान दल को फ्लैग ऑफ किया। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से गठित टीमें चयनित ट्रेक रूट्स का स्थलीय सर्वेक्षण करेंगी और उनकी विस्तृत जीपीएस/जीआईएस मैपिंग तैयार करेंगी।




मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में साहसिक और ट्रेकिंग पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। प्रसिद्ध ट्रेकिंग क्षेत्रों के साथ दूरस्थ और कम प्रसिद्ध ट्रेक रूट्स को भी पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग जरूरी है। इससे ट्रेकिंग को अधिक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ पर्यटकों की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। ट्रेक रूट्स की वैज्ञानिक मैपिंग से ट्रेकर्स को रास्ते से जुड़ी जरूरी जानकारी मिलेगी। साथ ही आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्यों को भी अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के साथ राज्य की संवेदनशील हिमालयी पारिस्थितिकी के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने बताया कि परियोजना के तहत राज्य के 100 प्रमुख ट्रेक और हाइक रूट्स की जीपीएस/जीआईएस मैपिंग और तकनीकी सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके आधार पर ऑफलाइन और ऑनलाइन जीपीएस नेविगेशन ऐप विकसित किया जाएगा। नेटवर्क कनेक्टिविटी न होने पर भी ट्रेकर्स मोबाइल फोन पर ट्रेल और रूट से जुड़ी जरूरी जानकारी देख सकेंगे।

## हल्द्वानी में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बाइक, दो युवकों की मौत

हल्द्वानी | हमारे संवाददाता

गुरुवार देर रात हल्द्वानी-रामपुर मार्ग पर रफ्तार दो युवकों की जिंदगी निगल गई। टांडा पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद दोनों के शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़े रहे। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बाइक संख्या यूके 06 बीएन 8480 पर फुलशुंगी, रुद्रपुर निवासी चेतन चौहान (25) और नंद विहार कॉलोनी, फुलशुंगी निवासी वैभव छाबरा (24) सवार थे। बताया जा रहा है कि देर रात बाइक तेज गति से जा रही थी। टांडा चौकी के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती दौर में दोनों युवकों की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू की। जांच के बाद दोनों की शिनाख्त हुई तो उनके परिजनों को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। युवकों की मौत की खबर से परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। चौकी प्रभारी के अनुसार घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही मौके की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई है। दुर्घटना से जुड़े साक्ष्यों को भी सुरक्षित किया गया है।

## टीएमसी पार्टी का नाम-चिह्न फ्रीज होने पर गरमाई सियासत

नई दिल्ली | एजेंसी

चुनाव आयोग ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न पर अंतरिम रोक लगाई है। आयोग के इस फैसले पर ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि राजनीतिक पार्टी प्राइवेट कंपनी नहीं होती और उसका कोई वारिस नहीं हो सकता। तृणमूल कांग्रेस का नाम और चुनाव चिह्न फ्रीज करने के चुनाव आयोग के अंतरिम फैसले पर ऋतब्रत बनर्जी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए कहा कि इस आदेश से यह बात साफ हो गई है कि राजनीतिक पार्टियों को प्राइवेट संस्थाओं की तरह नहीं माना जा सकता और न ही उन्हें वंशवादी उत्तराधिकार के जरिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

## आईफोन 18 प्रो सीरीज सेल दिल्ली से मुंबई तक दिखा क्रेज

नई दिल्ली | एजेंसी

आईफोन 18 प्रो और प्रो मैक्स की भारत में बिक्री शुरू होते ही एपल स्टोर्स पर खरीदारों की लंबी कतार दिखी। नोएडा, बेंगलुरु और महाराष्ट्र के एपल स्टोर्स के बाहर नए आईफोन को सबसे पहले हासिल करने के लिए सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



कई ग्राहक घंटों पहले ही स्टोर पहुंच गए थे। कुछ लोग दूसरे शहरों से खास तौर पर आईफोन खरीदने पहुंचे।एक ग्राहक ने तो सालाना आईफोन लॉन्च को ही 'त्योहार' जैसा बताया। एपल के नए फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स की बिक्री शुक्रवार से भारत में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। नोएडा ), बेंगलुरु और महाराष्ट्र स्थित एपल के आधिकारिक रिटेल स्टोर्स पर तड़के से ही ग्राहकों की भारी भीड़ जमा हो गई। बता दें कि देश भर के 6 फिजिकल रिटेल आउटलेट्स और ऑनलाइन स्टोर के जरिए बिक्री शुरू की गई है। लॉन्च के दिन ग्राहकों की सुविधा के लिए एपल स्टोर्स सुबह 8 बजे ही खोल दिए गए, जो रात 10 बजे तक खुले रहेंगे।

## मस्कट गई, अब जेल की दीवारें देंगी खतरे की चीख

उत्तरांचल दीप | सलीम खान, हल्द्वानी

अंग्रेजों के जमाने की बंदूकों के भरोसे चल रही हल्द्वानी उपकारागार की सुरक्षा अब आधुनिक तकनीक के हवाले होने जा रही है। करीब 123 साल पुराने कारागार से 1849 मॉडल की मस्कट बंदूकों की विदाई की तैयारी है। इनकी जगह सुरक्षा कर्मियों के हाथों में एसएलआर और नौ एमएम पिस्टल होंगी। इतना ही नहीं, जेल की बाहरी दीवारों पर लग रही सेंसरयुक्त सायरन फेंसिंग सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के लिए नया खतरा बनेगी। दीवार या फेंस से जरा भी छेड़छाड़ हुई तो सेंसर सक्रिय होगा और तत्काल सायरन बज उठेगा।



**नया पहरा**

- 1014 कैदियों वाली जेल में सुरक्षा का नया पहरा, छेड़छाड़ होते ही सेंसर बजाएगा सायरन

### महीनों पहले भेजी थी मांग

जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार पांडे के मुताबिक नई एसएलआर और नौ एमएम पिस्टल उपलब्ध कराई जा रही हैं। जेल की बाहरी दीवारों पर चारों ओर इलेक्ट्रिक सायरन फेंसिंग का काम भी कराया जा रहा है। इसकी मांग कई माह पहले मुख्यालय को भेजी गई थी, जिसे मंजूरी मिलने के बाद आधुनिक हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### दीवार से छेड़छाड़ पर बजेगा अलार्म

करीब 1014 कैदियों वाले कारागार में सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने की कवायद तेज हो गई है। बाहरी दीवारों पर सेंसरयुक्त फेंसिंग के साथ इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम लगाया जाएगा। फेंस में किसी तरह की हलचल या छेड़छाड़ होते ही सेंसर सक्रिय होकर सायरन बजाएगा और जेल कर्मियों को संभावित खतरे का तत्काल संकेत मिलेगा।

### 123 साल पुरानी जेल, बदलेगा सुरक्षा का अंदाज

हल्द्वानी उपकारागार करीब 123 साल पुराना है। लंबे समय से यहां पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्था चली आ रही थी। अब पुराने हथियारों की जगह आधुनिक हथियार और तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। मस्कट बंदूकों को हटाकर एसएलआर और नौ एमएम पिस्टल उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब जेल की सुरक्षा केवल जवानों की निगरानी तक सीमित नहीं रहेगी। कारागार के चारों ओर सेंसरयुक्त फेंसिंग लगाने की योजना है।

# उत्तराखण्ड उपनल संविदा कर्मचारी संघ ने की वेतन भुगतान की मांग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड उपनल संविदा कर्मचारी संघ ने बीरवार को नैनीताल में पत्रकार वार्ता में उपनल कर्मचारियों के चरणबद्ध नियमितीकरण, न्यूनतम वेतनमान, महंगाई भत्ता तथा एरियर और पिछले पांच माह के लंबित वेतन के त्वरित भुगतान की मांग की है।

प्रेस वार्ता में संघ की याचिका की हाईकोर्ट में पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एम.सी. पंत भी उपस्थित रहे। अधिवक्ता पंत ने इस पूरे मामले के कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कि कर्मचारियों की समस्याओं का स्थायी समाधान नवीन संविदात्मक व्यवस्था या व्यक्तिगत अनुबंध नहीं बल्कि उच्च न्यायालय के कुंदन सिंह निर्णय के अनुसार सेवा निरंतरता बनाए रखते हुए नियमितीकरण ही है। पत्रकार वार्ता में पूर्व सांसद डॉ महेंद्र पाल तथा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता ने भी विभिन्न विभागों में सेवारत 22 हजार उपनल कर्मियों को राज्य कर्मचारी मानकर उनके हित में



तत्काल निर्णय लेने का आग्रह सरकार से किया ।

संघ के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि उपनल कार्मिकों के मामले का मुखय आधार उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय का कुंदन सिंह बनाम उत्तराखंड राज्य में 12 नवंबर 2018 का निर्णय है जिसमें कर्मचारियों के चरणबद्ध नियमितीकरण, न्यूनतम वेतन व डीए और एरियर का स्पष्ट निर्देश दिया गया था। राज्य सरकार द्वारा इस फैसले के खिलाफ दायर की गई एसएलपी को 15 अटूबर 2024 और पुनर्विचार याचिका को 11 नवंबर 2025 को खारिज किया जा चुका है। इसके अलावा उच्च न्यायालय में अवमानना याचिकाओं के तहत कार्रवाई जारी है।

प्रेस वार्ता में संघ ने मुखय स्थायी अधिवक्ता के पत्र का संदर्भ देते हुए बताया कि 10 सितंबर को उच्च न्यायालय ने मौखिक रूप से कर्मचारियों का वेतन न रोकने तथा पिछले पांच महीनों के लंबित वेतन का तत्काल भुगतान करने तथा कर्मचारियों को नवीन अनुबंध.बॉन्ड के लिए बाध्य न करने का निर्देश दिया था। किन्तु एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी शासन की ओर से कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं किया गया है जिससे वर्षों से अल्प वेतन पर काम कर रहे कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

संघ अध्यक्ष रमेश चन्द्र शर्मा,सलाहकार मनोज जोशी,संरक्षक गणेश गोस्वामी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरन चन्द भट्ट ने सरकार के समक्ष स्पष्ट मांगें रखी हैं जिनमें कुंदन सिंह निर्णय के निर्देश ए के अनुसार चरणबद्ध नियमितीकरण शुरू करना, नवीन व्यक्तिगत अनुबंध की अनिवार्यता खत्म कर उपनल ज्वाइनिंग तिथि व सेवा निरंतरता सुरक्षित रखनाए और 12 नवंबर 2018 के निर्देशों के तहत न्यूनतम वेतनमान तथा डीए व एरियर तय करना है ।

इसके साथ ही कर्मचारियों की पद,मैपिंग व आवश्यकतानुसार अधिसंखय पदों का सृजन, लंबित वेतन का तत्काल भुगतान और लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को चिकित्साए अवकाश एवं अन्य आवश्यक सेवा.सुरक्षा लाभ देने की मांग की गई है। संघ ने चेतावनी दी कि अवमानना याचिका की हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 23 सितंबर (बुधवार) तक स्थितियां स्पष्ट नहीं होती हैं तो वह न्यायालय के समक्ष सभी तथ्य रखकर प्रभावी अनुपालन हेतु न्यायिक कार्रवाई का आग्रह करेगा।

## जल्द सुधरेगी जर्जर सड़क की हालत, सभासद गीता



**नैनीताल ।** नगर पालिका परिषद की तल्लीताल बाजार वार्ड की सभासद गीता उप्रेती के मुताबिक तल्लीताल बाजार में धर्मशाला से थाने तक जर्जर हो चुकी सड़क की हालत जल्द ही सुधरेगी। सभासद उप्रेती के मुताबिक उनकी ओर से लंबे समय से इस जर्जर सड़ककी दशा सुधारने के लिए लोनिवि पर काफी दबाव बनाया जा रहा था।

उन्होंने कहा कि मामले को लेकर लोनिवि प्रांतीय खंड के ईई ने बताया कि इस मार्ग का सर्वे कराकर उसका इस्टीमेट बनाकर शासन को भेज दिया है,जल्द ही वहां से स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरु होगा। दूसरी ओर सभासद गीता उप्रेती ने विभाग को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं सभासद उप्रेती का कहना है कि तल्लीताल के पिछाड़ी बाजार की जर्जर हो चुकी सड़क की दशा सुधारने के लिए वह लगातार प्रयास कर रही हैं इसके लिए उनकी पालिका व लोनिवि दोनों से ही वार्ता प्राथमिकता से चल रही है।



# कुविवि अंतरमहाविद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिताः डीएसबी कैंपस बना चैंपियन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरदार भगत सिंह पीजी कॉलेज रुद्रपुर में आयोजित कुमाऊं विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालयी पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियचों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में डीएसबी कैंपस नैनीताल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता टीम का खिताब अपने नाम किया वहीं एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता (रनर.अप) का स्थान प्राप्त किया। डीएसबी कैंपस नैनीताल की विजेता टीम के खिलाड़ियों में कमल सिंह बसेड़ा, मोहित रावत, शुभम रावत, मनोज ढैला, सार्थक दफ ौटी, मोहित बिष्ट, मयंक कुमार, सूरज रौतेला, दीपक बिष्ट, जनक बिष्ट, जितेंद्र हरनवाल, मोहित सिंह खत्री, पीयूष भट्ट, यश मेहरा, हिमांशु सिंह एवं प्रांजल सिंह सामंत शामिल रहे। यह जानकारी डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डा.संतोष कुमार ने दी। इस बीच विवि के कुल सचिव प्रो.रजनीश पांडे, परिसर निदेशक प्रो. संजय पंत समेत वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. ललित तिवारी, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. गगनदीप, डॉ. अशोक कुमार, अपूर्व बिष्ट एवं अनिता रावत सहित अन्य गुरुजनों एवं कर्मचारियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हाईकोर्ट शिफ्टिंग के प्रस्ताव के खिलाफ कानून मंत्री, पर व राष्ट्रपति को देंगे ज्ञापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल से उत्तराखंड हाईकोर्ट हल्द्वानी शिफ्टिंग का विरोध कर रहे अधिवक्ताओं ने कहा कि इस मुद्दे पर कानूनी लड़ाई जारी है । उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है साथ ही हाईकोर्ट शिफ्टिंग के प्रस्ताव के खिलाफ कानून मंत्री, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को ज्ञापन दिए जाएंगे ।

बुधवार को हाईकोर्ट परिसर के समीप एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में अधिवक्ता एम सी पन्त ने कहा कि 12 अगस्त 2026 को राज्य सरकार ने बेलबाबा हल्द्वानी स्थित वन भूमि को हाईकोर्ट को हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की । जबकि वन संरक्षण अधिनियम के अनुसार राज्य सरकार केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अनुमति के बिना यह निर्णय नहीं ले सकती है । इसके अलावा राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में कहा कि बेलबाबा के आसपास हाथी कॉरिडोर नहीं है । जबकि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कई निर्देशों के साथ नए सिरे से हाथी कॉरिडोर चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ता कार्तिकेय हरि गुप्ता ने कहा कि नैनीताल के जिलाधिकारी की ओर से बेलबाबा हल्द्वानी की वन भूमि को हाईकोर्ट को हस्तांतरित करने के संदर्भ में मई 2026 में राज्य सरकार को दिया गया प्रस्ताव गैर कानूनी है । जो अपराध की श्रेणी में है । बताया कि इस सम्बंध में हाईकोर्ट के अधिवक्ता कौशल साह जगाती ने एक प्रत्यावेदन केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंतालय को भेजा था । इस सम्बंध में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने 3 सितम्बर 2026 को, प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण,उत्तराखंड सरकार से कानून के प्रावधानों के मुताबिक कार्यवाई करने को कहा गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल ने राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड हाईकोर्ट शिफ्टिंग को जारी 12 अगस्त के आदेश की कड़ी भर्त्सना करते हुए, कहा कि इस आदेश में कहा गया है कि नैनीताल से हाईकोर्ट शिफ्ट होने के बाद नैनीताल हाईकोर्ट बिल्डिंग व परिसर का मॉनिटाइज किया जाएगा । यानी सरकार इसे निजी हाथों में बेचना चाह रही है। जिससे साफ है कि सरकार व्यापारी के रूप में काम कर रही है । इसी तरह से कई सार्वजनिक सम्पतियां पहले भी बेची जा चुकी है।

## NEWS / फटाफट

### आदि कैलाश यात्रा में बाहरी टैक्सियों के संचालन से आक्रोश



**पिथौरागढ़ ।** आदि कैलाश यात्रा में बाहरी टैक्सी वाहनों के प्रवेश के निर्णय से स्थानीय टैक्सी यूनियन ने आक्रोश जताया है। आदि कैलाश टैक्सी यूनियन से जुड़े वाहन स्वामियों और चालकों ने आज बांह में काली पट्टी बांधकर इसका विरोध करने के साथ ही कुमाऊं आयुक्त को डीएम को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया है। लोक निर्माण विभाग के सभागार में यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नबियाल की अध्यक्षता में टैक्सी संचालकों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। सभी ने यूनियन की मांगों का समर्थन किया। नबियाल ने कहा कि पिछले दो-तीन वर्षों से रूट विभाजन की मांग पर कई बार प्रशासन को ज्ञापन दिया गया इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं ने बैंक से ऋण लेकर वाहन खरीदे हैं। ऐसे में बाहरी टैक्सियों के आदि कैलाश यात्रा में आने से स्थानीय टूर ऑपरेटर, वाहन स्वामियों को इसका नुकसान झेलना पड़ रहा है। यूनियन की मांग है कि बाहरी टैक्सी वाहन केवल धारचूला तक ही आएं। इसके बाद की यात्रा में स्थानीय टैक्सियों का संचालन हो। वहीं निजी वाहनों में यात्रियों को बैठाने पर रोक लगे।बैठक में भूपाल रावल, भूपेंद्र थापा, महेश गर्ब्याल, प्रेमा कुटियाल, भूपेंद्र थापा, दिनेश चलाल, प्रवेश रौतेला, महेंद्र सिंह धामी. जीतेंद्र वर्मा, रुप सिंह दानू आदि मौजूद रहे।

### विस के बर्खास्त कर्मियों के मामले में सुनवाई 15 अक्टूबर को

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने विधान सभा सचिवालय से बर्खास्त कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान बर्खास्त कर्मचारियों की तरफ से प्रार्थना पत्र देकर कहा गया कि 2016 से पहले नियुक्ति कर्मचारियों के नियुक्ति के संबंधित दस्तावेज कोर्ट में प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद उनकी ओर से दायर प्रार्थना पत्र को निरस्त करते हुए कहा कि 2016 से पहले नियुक्त कर्मचारियों के दस्तावेज शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में पेश करें और विधान सभा सचिवालय उस पर अपनी आपत्ति पेश करें। मामले की अगली सुनवाई कोर्ट ने 15 अकटूबर की तिथि नियत की है। बीरवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी की एकलपीठ में हुई।

### शारदा संघ ने शुरु की चित्रकला प्रतियोगिता की तैयारियांःप्रो.बिष्ट



**नैनीताल ।** शारदा संघ के अवैतनिक अध्यक्ष/महासचिव प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि संघ की ओर से आगामी 11 अकटूबर (रविवार) को आयोजित होने जा रही 56वीं ऑन द स्पॉट चिल्ड्रन पेंटिंग कंपीटिंशन की तैयारियां प्राथमिकता से शुरु कर दी गयी हैं। प्रो.बिष्ट के मुताबिक प्रतियोगिता टायनी टॉट (नर्सरी एंड केजी), मिनी (कक्षा पहली व दूसरी), सब जूनियर (कक्षा तीन से पांच), जूनियर (कक्षा 6 से लेकर 8), मीडिल (कक्षा 9 व 10) तथा सीनियर (कक्षा11 व 12)वर्गों में आयोजित होगी। प्रतियोगिता के प्रवेश हेतु शुल्क 60 रुपया प्रति प्रतिभागी रखा है। पंजीकरण 15 सिंतबर से शुरु हो गए हैं जो आगामी 9 अकटूबर तक चलेंगे। प्रतिभागी शारदा संघ में रविवार को छोड़कर अन्य कार्य दिवसों में शाम को 5 से 7 बजे तक पंजीकरण करा सकते हैं। प्रतियोगिता 11 अकटूबर को सुबह 9.30 बजे से डीएसए मैदान में शुरु होगी जो अपराह्न 1 बजे तक चलेगी।

# नैनीताल में मेला स्थल में किया विधिक स्टाल का उद्घाटन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के संयुक्त तत्वाधान में बीरवार को श्री नंदा देवी महोत्सव में विशेष कार्यअधिकारी हर्ष यादव उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा विधिक स्टाल का उद्घाटन किया।



स्टॉल के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महोत्सव में आने वाले आम जनता, श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्टॉल में आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों तथा विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी सरल एवं सहज भाषा में मुहैया कराई जाएगी। इस दौरान अधिकार मित्रों द्वारा आमजन को विधिक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सरल कानूनी ज्ञान माला, पुस्तकों का वितरण भी किया जाएगा तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को विधिक सहायता मुहैया कराई जाएगी।विधिक जागरूकता को और अधिक प्रभावी एवं रोचक बनाने के उद्देश्य से स्टॉल परिसर में सांस्कृतिक संस्थानों द्वारा नुक्कड़ नाटकों का आयोजन भी किया जाएगा। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आमजन को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिवस पर विशेष कार्यक्रम महोत्सव के अंतिम दिवस पर उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से चयनित वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगी। इनमें कान की मशीन, लाठी, व्हीलचेयर, कमर की बेल्ट सहित अन्य आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इसके अतिक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित विभिन्न विधिक जागरूकता प्रतियोगिताओं में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को पुररूकृत किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर विधिक स्टाल प्रशासनिक अधिकारी रमाकांत चौधरी समेत अधिवक्ता सरिता बिष्ट, अंबिका ,यशवंत कुमार व पंकज प्रसाद अन्य मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है ।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## भरोसा करना कठिन

*स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत ने पंचशील सिद्धांत और 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' के नारे के साथ चीन से दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। भारत को आशा थी कि दो बड़े पड़ोसी देश एशिया में खुशहाली लाने के साथ दुनिया की महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। परन्तु चीन ने वर्ष 1962 में भारत पर आक्रमण करके युद्ध की त्रासदी से विश्वास को ठेस पहुंचाई। प्राचीनकाल से ही चीन के साथ भारत के व्यापारिक संबंध रहे हैं। चीन व्यापार के माध्यम से लाभ कमाना चाहता है और विस्तारवादी नीति के तहत भारत के भूभाग पर कब्जा करना चाहता है।*

सार्वजनिक जीवन में कूटनीति का सिद्धांत है कि कोई हमारा स्थायी दोस्त नहीं और कोई स्थायी दुश्मन नहीं। भारत और चीन के संबंध में यही सिद्धांत लागू होता है। चीन के साथ रिश्ते बनते-बिगड़ते रहे, लेकिन पूरी तरह टूटे नहीं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की चीन के साथ वार्ता से उम्मीद जगी है, फिर भी पूरी तरह भरोसा करना सही नहीं होगा। स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत ने पंचशील सिद्धांत और 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' के नारे के साथ चीन से दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। भारत को आशा थी कि दो बड़े पड़ोसी देश एशिया में खुशहाली लाने के साथ दुनिया की महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। परन्तु चीन ने वर्ष 1962 में भारत पर आक्रमण करके युद्ध की त्रासदी से विश्वास को ठेस पहुंचाई। प्राचीनकाल से ही चीन के साथ भारत के व्यापारिक संबंध रहे हैं। चीन व्यापार के माध्यम से लाभ कमाना चाहता है और विस्तारवादी नीति के तहत भारत के भूभाग पर कब्जा करना चाहता है। वर्ष 2020 में गलवान घाटी में चीन के सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसकर युद्ध के लिए बाध्य किया। भारत ने संयम बरतते हुए बातचीत का रास्ता अपनाया, किन्तु सफलता नहीं मिलने पर चीन के सैनिकों को सीमा पार भेजने के लिए बल का प्रयोग किया। उस दौरान भी भारत के अनेक सैनिक शहीद हुए। चीन सिर्फ एक मोर्चे पर ही भारत से दुश्मनी नहीं रखता है, बल्कि परोक्ष रूप से आतंकवाद का समर्थक है। पाकिस्तान के आतंकवादियों की मदद करके भारत में खूनखराबा कराने के लिए चीन हमेशा सक्रिय रहा है। भारत ने पाकिस्तान के साथ पड़ोसी का रिश्ता मजबूत करने का हरसंभव प्रयास किया। पाकिस्तान ने सीधे युद्ध में पराजित होने के बाद भारत के खिलाफ आतंकवाद का छद्म युद्ध छेड़ रखा है। भारत से किसी भी तरह पाकिस्तान मुकाबला नहीं कर सकता है, यदि चीन मदद न करे। अब यदि चीन के साथ भारत की नजदीकी बढ़ती है तो क्या पाकिस्तान से चीन की दूरी होगी? यह पेचीदा सवाल है। भारत को चीन के साथ निकटता के लिए फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना होगा। भारत को अपने पुराने और विश्वसनीय मित्र रूस के साथ संधि को ज्यादा अहमियत देनी होगी। रूस ने हमेशा भारत का साथ दिया है। अमेरिका और चीन की दोगली नीति से जब-जब भारत पर संकट आया है, तो रूस सहयोगी बना है। अमेरिका और चीन के साथ व्यापार में भारत को नुकसान उठाना पड़ा है, परन्तु मजबूरी में व्यापार बंद नहीं किया जा सकता है।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर जलाए आशीर्वाद के दीए

**नैनीताल/पिथौरागढ़**

हमारे संवाददाता

### पीएम के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिये जलाकर की दीर्घायु की कामना



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर शुरू किए गए सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम को संपूर्ण जनपद में महोत्सव के रूप में मनाया गया।

जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम नैनीताल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नैनीताल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 51 हजार दीपक जलाकर शहर को रोशन किया गया। नैनी झील के चारों ओर जलाए गए दीपकों ने सरोवर नगरी की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए। दीपों की रोशनी से पूरा नैनीताल जगमगा उठा और वातावरण उत्सवमय हो गया। संपूर्ण जनपद में 2 लाख 51 हजार आशीर्वाद के दीपक जलाए गए। बड़ी संख्या में महिलाओंए बुजुर्गों तथा युवाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रेषित किया इस दौरान एपीडी चंद्रा फ र्त्याल, जिला पर्यटन अधिकारी कृति लाल टमटा, मुखय उद्यान अधिकारी प्रेमा राणा, जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत, खंड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग सहित मयंक पंत, गौरव हरपाल, रितुल कुमार, विक्रम राठौर, आशीष बजाज तथा हरीश सिंह राणा आदि उपस्थित थे।

उधर पिथौरागढ़ जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साह और सेवा भाव के साथ मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्रसेवा के लिए मंगलकामनाएं कीं। पिथौरागढ़ शहर में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के नेतृत्व में रामलीला मैदान में दीप जलाकर प्रधानमंत्री की लंबी उम्र की कामना की गई। वहीं, जिला अस्पताल में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, नगर निगम मेयर कल्पना देवलाल और गणेश भंडारी सहित कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दूसरी ओर बेड़ीनाग सीएचसी में भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दर्पण कुमार के नेतृत्व में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत भर्ती मरीजों को फल और कंबल वितरित किए गए।

## बनभूलपुरा में सट्टे की खाई-बाड़ी में हजारों रुपये और पर्चियों के साथ आरोपी दबोचा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा में सट्टे के अवैध कारोबार पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाई-बाड़ी कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्चियां, और हजारों रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अपराधों की रोकथाम और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान बनभूलपुरा पुलिस टीम गोला पार्किंग स्लाटर हाउस के पास पहुंची। यहां पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाई-बाड़ी करते हुए यूसुफ निवासी इंद्रानगर छोटी रोड, को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से सट्टा पर्चियां, 1070 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक जगत सिंह बाफिला, कांस्टेबल नरेंद्र और कांस्टेबल सुच्चा सिंह शामिल रहे।

# 7.78 ग्राम स्मैक ने खोली नशे के कारोबार की कड़ी, बनभूलपुरा में युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



बनभूलपुरा में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। गश्त और संदिग्धों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने लालकुआं नंबर-16 क्षेत्र से एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश चंद्र फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था और संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने आदिल पुत्र जकी खां, निवासी लालकुआं नंबर-18, पानी की टंकी के पास, को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 7.78 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना बनभूलपुरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज आरोपी को न्यायालय पेश किया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जगबीर सिंह, कांस्टेबल दिलशाद अहमद और कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल रहे।

**कार्रवाई**

- लालकुआं नंबर-16 क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

# फिल्मी दुनिया

## रणवीर सिंह ने प्रलय की शूटिंग के बीच लिया बप्पा का आशीर्वाद



*अभिनेता रणवीर सिंह अपनी आगामी फिल्म प्रलय में व्यस्त हैं। इस बीच वे कल बप्पा का आशीर्वाद लेने पहुंचे।*

*फिल्म धुरंधर के जरिए बॉक्स ऑफिस पर कब्जा करने वाले एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों आगामी फिल्म प्रलय की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच समय निकालकर वे मुंबई के प्रसिद्ध लाला बाग के राजा के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने बप्पा का आशीर्वाद लिया। रणवीर सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्हें लाला बाग के राजा के दरबार में देखा जा सकता है। अभिनेता ने बप्पा के दर्शन कर प्रार्थना की। इसके बाद वे फैंस से भी रूबरू हुए। मंदिर परिसर में रणवीर सिंह को देख लोगों की भीड़ उनसे मिलने के लिए पहुंचने लगी। एक्टर ने मुलाकात की। बप्पा के दर्शन करके वे जब बाहर आए तो बड़ी संख्या में फैंस जुट गए। अभिनेता ने भी सभी का अभिवादन किया। रणवीर सिंह की निजी जिंदगी की बात करें तो वे जल्द दीपिका पादुकोण के साथ अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। रणवीर और दीपिका पादुकोण पहले से एक बिटिया दुआ के माता-पिता हैं। बीते दिनों दुआ के जन्मदिन के मौके पर कपल ने अपने मैटरनिटी शूट की तस्वीरें साझा की थीं।*

### प्रलय में दिखेंगे रणवीर

*रणवीर सिंह ने प्रलय की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में एक्टर न सिर्फ मुख्य भूमिका निभाएंगे, बल्कि प्रोड्यूसर की भूमिका भी संभालेंगे। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। धुरंधर और धुरंधर 2 की सफलता के बाद रणवीर सिंह का यह पहला प्रोजेक्ट है। इस फिल्म को लेकर अभिनेता के फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। फिल्म में 'लोका' फेम एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शनी भी अभिनय करती नजर आएंगी।*

# श्याम बाबा के जयकारों से हुआ माहौल श्याममय

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय लिनस सेवा संगठन क्लब उड़ान द्वारा क्रिस्टल ग्रैंड होटल में खाटू श्याम बाबा का भव्य कीर्तन भंडारे का आयोजन क्लब अध्यक्ष ममता अग्रवाल क्लब सदस्यों के द्वारद्य किया गया।

जिला अध्यक्ष नीरजा बोरा, ममता अग्रवाल ,क्लब सदस्यों के द्वारद्य बाबा का दरबार फूलों से सजाया गया द्य बाबा को छप्पन भोग लगाये गए द्यश्याम बाबा के कीर्तन से सारा माहौल भक्तिमय हो गया अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआद्य भक्तों ने बढ़ चढ़ कर श्याम बाबा के भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में मयूरी पुष्पा, सुनीता,सीमा अग्रवाल सोनू जोशी, शिवानी,सरला, रेखा, ऋतु, अंकिता अग्रवाल ,मोना जैन, मोनिका भाटिया, मोनिका राजपाल , अनीता नेगी ,दुर्गा, लीला ,नीता, अनुराधा, रेखा ,कृष्णा, कविता, दिव्या, हेमा ,मोनिका गरिमा ,निर्मल अन्य भक्तजन मौजूद रहे।



# श्री वैश्य महासभा द्वारा गणेश महोत्सव चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

श्री वैश्य महासभा द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव के चतुर्थ दिन भी भक्ति,कला और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला।सुबह से ही पंडाल में श्रद्धालु भगवान के दर्शन पूजन के लिए उपस्थित रहे।



पंडित विवेक शर्मा ने मुख्य यजमान मुकेश लहरिया सपत्नीक से पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ गणपति पूजन करवाया। अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, बद्री प्रसाद गुप्ता, नीरज प्रभात गर्ग, रामबाबू जायसवाल, रामकिशोर, किशनलाल गुप्ता, बसंत अग्रवाल, हीरालाल साहू, राजेन्द्र अग्रवाल , महिला अध्यक्ष राशि जैन, महामंत्री रश्मि गुप्ता,युवा अध्यक्ष सुशील साहू, महामंत्री यश गुप्ता आदि ने सम्मिलित होकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उत्सव में बच्चों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अशोक वार्ष्णेय एवं राशि जैन के दिशानिर्देश में यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई। बच्चों ने बड़े उत्साह और लगन के साथ इसमें भाग लिया। छोटे छोटे बच्चे नन्हें नन्हें हाथों में रंगों से खेलते बहुत खुश नजर आए।

विजेताओं को 18 सितंबर को पुरस्कृत किया जाएगा। सायं के समय गणपति महिमा पंडित पवन झा जी ने बखान की। देशप्रेम प्रश्नोत्तरी और रंगारंग कार्यक्रम ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।पूरे पंडाल में भक्ति , प्रेम, उत्साह का सागर लहराता दृष्टिगोचर हो रहा था। अभाव्य डांस एकेडमी, तराना संगीत संस्थान, नृत्याकृति डिवाइन आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी,यू डी जे नृत्यशाला, मां सरस्वती नृत्य कला केंद्र, नुपुर नृत्य कला केंद्र, डांस क्रू स्टूडियो,द हार्मनी हब,महावर महिला समिति ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से सभीका मन मोह लिया। पुरा पंडाल ने तालियों की गड़गड़ाहट से सभी कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। प्रसाद की सेवा महावर समाज एवं जायसवाल समाज की तरफ से अर्पित की गई। महाआरती में दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी,आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन, केसरवानी समाज, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, देवभूमि व्यापार मंडल, विधायक प्रतिनिधि जीवन कार्की, भुवन तिवारी, कैलाश जोशी, योगेश शर्मा, गोविंद बगडवाल, वीरेंद्र जायसवाल,प्रेम गुप्ता, विपिन गुप्ता रजत महेश्वरी, आदि सम्मिलित हुए। दीपक महेश्वरी, सुमित केसरवानी, कन्हैया जायसवाल,रवि गुप्ता, हीरालाल साहू, अमिता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, तनुज गुप्ता, रामकिशन गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, अशोक वार्ष्णेय,निशुल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल,मधू अग्रवाल , ज्योति देवल, मयंक अग्रवाल, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरी, संजय गोयल ,सुनील अग्रहरी, वैभव गुप्ता, योगेन्द्र साहू, अभिषेक केसरवानी, कोमल गर्ग, रागिनी गुप्ता,नीता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### मेडिकल स्टोरों पर छापा, दवाओं के चार नमूने लेकर लैब भेजे

अल्मोड़ा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनामिका सिंह और ड्रग इंस्पेक्टर पूजा जोशी ने धार की तूनी और एनटीडी क्षेत्रों में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दवाओं के रख-रखाव से लेकर लाइसेंस की गहन जांच की गई। साथ ही दवाओं के चार नमूने लिए। इस औचक छापामार कार्रवाई से दवा विक्रेताओं में खलबली मच गई। टीम ने निरीक्षण के दौरान दवाओं की एक्सपायरी डेट की गहनता से जांच की गई और सभी मेडिकल स्टोर संचालकों के वैध लाइसेंस भी चेक किए गए। निरीक्षण टीम ने मौके पर पाई गई कमियों को दूर करने के लिए सख्त निर्देश दिए। मेडिकल स्टोर स्वामियों को निर्देशित किया गया कि वे हर हाल में नियमानुसार कैश मेमो मेंटेन करें, दुकानों में लेबल्ड एक्सपायरी बॉक्स अनिवार्य रूप से बनाएं और प्रत्येक ग्राहक को दवा का पक्का बिल उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही एक्सपायरी दवाओं के सही रख-रखाव और स्टोर परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने की कड़ी हिदायत दी गई।

# आंगनबाड़ी में बच्चों संग मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर हल्द्वानी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। आजाद नगर के वार्ड नंबर 23 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों और महिलाओं के बीच जन्मदिवस मनाया गया, वहीं लाइन पार स्थित दरगाह जलाल शाह मस्तान शाह बाबा में 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी गई।



आजाद नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन मुख्य अतिथि रहे। पार्षद शाहजहां बेगम समेत आंगनबाड़ी की मुख्य सेविका हेमा लसपाल, आसमा बेगम, कार्यकर्ता आफताब मलिक, सेविका रेशमा और बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे। इस दौरान बच्चों और महिलाओं के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके बाद लाइन पार स्थित दरगाह जलाल शाह मस्तान शाह बाबा में शाम छह बजे आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित किया गया और दरगाह पर चादर पेश की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के साथ देश की तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की गई।

कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता जहीर अंसारी, प्रदेश मंत्री मोइनुद्दीन तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य राजा कमाल, हज कमेटी सदस्य शानू खान और तरन्नुम खान समेत लाल मोहम्मद, परवेज आलम सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईटीसी लिमिटेड पीएसपीडी लालकुआं में हर्षोल्लास से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा पूजा

लालकुआं

हमारे संवाददाता

आईटीसी लिमिटेड, पी0 एस0 पी0 डी0, लालकुआं इकाई में आज भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त कर संस्थान की सुख-समृद्धि, सुरक्षा एवं निरंतर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम में यूनिट हेड श्री प्रणव शर्मा के साथ प्रबोध पात्रा, नरेश चंद्रा , संजय यादव, सूर्यनारायण सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने विधिवत पूजा-अर्चना में सहभागिता कर भगवान विश्वकर्मा के प्रति अपनी श्रद्धा एवं आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा जी से संस्थान की कार्यप्रणाली में उत्कृष्टता, मशीनरी एवं उपकरणों की सुचारु कार्यक्षमता तथा सभी कर्मचारियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की गई। विश्वकर्मा पूजा न केवल तकनीक, मशीनरी एवं निर्माण के देवता के प्रति आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह मेहनत, कौशल, समर्पण और कर्म के प्रति सम्मान का संदेश भी देती है। कार्यक्रम ने सभी कर्मचारियों में एकता, सहयोग एवं टीम भावना को और मजबूत किया।



# कुत्ते को बचाने के चक्कर नर्सिंग छात्रा की गई जान, इलाज के दौरान मौत से मचा कोहराम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सड़क पर अचानक सामने आए आवारा कुत्ते को बचाने की कोशिश



एक होनहार नर्सिंग छात्रा की जिंदगी पर भारी पड़ गई। लामाचौड़ क्षेत्र में हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल 21 वर्षीय बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्रा कंचन पांडे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 14 सितंबर की रात हुए हादसे के बाद से अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही कंचन की 16 सितंबर की रात मौत हो गई। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

कंचन बीएससी नर्सिंग की छात्रा होने के साथ महिला अस्पताल में सेवाएं भी दे रही थीं। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई थी। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

**दुखद**

- स्कूटी फिसलने से सिर में आई थी गंभीर चोट, परिवार ने बेटी की आंखें दान कर पेश की मानवता की मिसाल

### बेटी चली गई, मगर आंखों से रोशन होंगी जिंदगियां

बेटी की मौत से परिवार गहरे सदमे में है, लेकिन इस असहनीय दुख के बीच परिजनों ने ऐसा फैसला लिया जिसने इंसानियत की मिसाल कायम कर दी। शोकाकुल परिवार ने कंचन की आंखें एसटीएच के आई बैंक को दान कर दीं।

### आवारा कुत्तों का आतंक फिर सवालों में

कंचन की मौत ने शहर और आसपास के इलाकों में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क पर अचानक सामने आ रहे कुत्तों से वाहन चालक उन्हें बचाने के प्रयास में हादसों का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसी दर्दनाक घटनाएं आगे भी सामने आ सकती हैं।

### अधिकारियों के बीच वरिष्ठता मामले में फैसला दिया हाईकोर्ट ने

नैनीताल । हाईकोर्ट ने यूपीसीएल के सहायक अभियंताओं की सीधी भर्ती और पदोन्नति से आए अधिकारियों के बीच वरिष्ठता मामले में फैसला दिया है। मुखय न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने 16 सितंबर 2026 को दिए फैसले में यूपीसीएल द्वारा प्रत्यक्ष भर्ती और पदोन्नत अधिकारियों की अंतर से वरिष्ठता को नियमानुसार कोटा व्यवस्था के आधार पर निर्धारित करने को सही माना और संबंधित रिट याचिकाएं खारिज कर दीं।

# सीएमओ ने विद्यार्थियों के साथ किया भोजन, गुणवत्ता जांची

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सीएमओ डॉ. एसके गोस्वामी ने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टॉफ के साथ भोजन कर गुणवत्ता जांची। रसोई कर्मचारियों को बच्चों को रोजाना ताजा, पौष्टिक और सुरक्षित भोजन परोसने के निर्देश दिए।



सीएमओ ने सबसे पहले विद्यालय के मुख्य रसोईघर का निरीक्षण कर भोजन बनाने की प्रक्रिया, कमरे की सफाई, बर्तनों की स्वच्छता, खाद्य सामग्री के रखरखाव को देखा। दाल, चावल, मसालों समेत भोजन के नमूने भी लिए। उन्होंने बच्चों से खाने के स्वाद, मेन्यू, हॉस्टल की साफ-सफाई और मेडिकल सुविधा को लेकर फीडबैक लिया। यहां प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड की जल, जंगल, जमीन बेचने पर आमादा भाजपा सरकार: सुमित हृदयेश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर राज्य की बेशकीमती जल, जंगल और जमीन को निजी हाथों में सौंपने का आरोप लगाते हुए हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि जिस उत्तराखंड की पहचान उसकी प्राकृतिक संपदा और सार्वजनिक संपत्तियों से है, आज उसी की बहुमूल्य जमीनों और सरकारी परिसंपत्तियों पर सरकार की नजर है। उन्होंने कहा कि सरकार उत्तराखंड की सरकारी जमीनों को लंबे समय के लिए निजी हाथों में देने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। उत्तराखंड इन्वेस्टमेंट एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड (आईआईडीबी) की वेबसाइट पर नैनीताल के पटवाडांगर में प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी प्रोजेक्ट, हरिद्वार के



अलकनंदा होटल और ऋषिकेश पीडब्लूडी गेस्ट हाउस के पीपीपी प्रोजेक्ट से संबंधित निविदाएं दर्ज हैं। भाजपा सरकार की नीतियों से ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश की बहुमूल्य सरकारी संपत्तियों को चुनिंदा निजी हाथों में सौंपने की तैयारी चल रही है।उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन उत्तराखंड की जनता की सामूहिक विरासत है। इसे किसी व्यक्ति, कंपनी या सरकार के चहेतों के लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। भाजपा सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि प्रदेश की बेशकीमती जमीनों और संपत्तियों को निजी हाथों में देने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है और इससे उत्तराखंड की जनता को क्या लाभ मिलेगा। सुमित हृदयेश ने आरोप लगाया कि सरकारी संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने की इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य केवल विकास नहीं, बल्कि सरकार के करीबी लोगों और बड़े कारोबारी समूहों को लाभ पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए प्रदेश की संपत्तियों का इस्तेमाल कर रही है, ताकि राजनीतिक चंदे और अपने हितों को मजबूत किया जा सके। सरकार को बताना चाहिए कि इन सौदों से उत्तराखंड के आम लोगों, स्थानीय युवाओं, छोटे कारोबारियों और भविष्य की पीढ़ियों को क्या मिलेगा? विधायक ने कहा कि जॉर्ज एवरेस्ट मामले में भी सरकारी निवेश से विकसित परिसंपत्तियों को निजी ऑपरेटर को 15 वर्षों के लिए दिए जाने को लेकर सवाल उठे हैं। उपलब्ध न्यायिक रिकॉर्ड में 142 एकड़ भूमि के लीज पर दिए जाने और लगभग एक करोड़ रुपये वार्षिक लाइसेंस शुल्क का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस प्रकार के फैसलों पर चुप नहीं बैठेगी और उत्तराखंड की प्राकृतिक एवं सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण के लिए लोकतांत्रिक तरीके से जनता के बीच आवाज उठाती रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड की जल, जंगल और जमीन को किसी भी कीमत पर निजी स्वार्थों की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा और प्रदेश की जनता के हितों की लड़ाई सड़क से सदन तक जारी रहेगी।